आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन और प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के तहत छत्तीसगढ़ हुआ पुरस्कृत

चर्चा में क्यों?

25-26 सितंबर, 2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में आयोजित दोदिवसीय 'आरोग्य मंथन'कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को 'आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन'और 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना'में उत्कृष्ट कार्य करने लिये पुरस्कृत किया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के चार वर्ष और आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन के एक वर्ष पूर्ण होने पर नई दिल्ली में 25 सितंबर और 26 सितंबर को आयोजित दोदिवसीय 'आरोग्य मंथन'कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों को पुरस्कृत किया गया।
- आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन में छत्तीसगढ़ देश में सबसे ज्यादा शासकीय अस्पतालों को पंजीकृत करने वाला राज्य है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत महिलाओं के इलाज में भी छत्तीसगढ़ देश में सबसे आगे है।
- राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत उपचारित कुल हितग्राहियों में 58 फीसदी महिलाएँ हैं। छत्तीसगढ़ महिलाओं को इतनी बड़ी संख्या मे इस योजना का लाभ देने वाला देश का शीर्ष राज्य है। इसके लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा प्रदेश को आयुष्मान उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इसके साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन में छत्तीसगढ़ ने नौ हज़ार से ज़्यादा शासकीय अस्पतालों का पंजीयन कर लिया है। इसके लिये भी राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर आयुष्मान उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस कार्ड के ज़रिये मरीज की जाँच से संबंधित सारे दस्तावेज़ ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। कार्ड के माध्यम से इन दस्तावेज़ों को किसी भी अस्पताल के चिकित्सक देख सकेंगे। साथ ही अपने मोबाइल पर मरीज़ खुद भी अपनी जांच से संबंधित सभी दस्तावेज़ देख सकेंगे। यह कार्ड मरीज़ को दस्तावेज़ी औपचारिकताओं से निजात दिलाएगा। छत्तीसगढ़ में इस दिशा में तेज़ी से काम हो रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-was-rewarded-under-ayushman-bharat-digital-mission-and-pradhan-mantri-jan-arogya-yojana